आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईद–उल–फितर की पूर्व संध्या पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं।
- द्वीपसमूह में आज ईद–उल–फ़ितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में नागरिकों से 'कैच द रेन' को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।
- श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में कल से दस दिवसीय 'पुस्तक मेला' का आयोजन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल ईद–उल–फितर की पूर्व संध्या पर सभी नागरिकों और विशेष रूप से देश और विदेश में रहने वाले मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि ईद–उल–फितर रमजान के पवित्र महीने के दौरान रोजा और इबादत के सम्पन्न होने का त्योहार है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज ईद–उल–फ़ितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने सभी द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा कि ईद–उल–फ़ितर रमज़ान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। यह महीना आत्म–साक्षात्कार को प्रोत्साहित करता है और हमें दुनिया की भलाई में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। यह त्यौहार हमें एकता, प्रेम और आपसी सहयोग का संदेश देता है। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने कामना की है कि यह त्यौहार सभी द्वीपवासियों के जीवन में समृद्धि लेकर आए और एक दूसरे के बीच व्याप्त आपसी बन्धुत्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करें। उधर द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने भी ईद–उल–फितर के अवसर पर सभी द्वीपवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह त्यौहार शांति, भाईचारे और करुणा का त्योहार है, जो एकता और सद्भाव के मूल्यों को दर्शाता है। इस दौरान पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी ईद की शुभकामनाएं देते हुए द्वीपवासियों के घरों में सुख–समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान वन प्रभाग ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह जारवा समुदाय को अनौपचारिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अंग कथा परियोजना के तहत लकरा–लुंगटा में एक हॉटस्पॉट केंद्र का

निर्माण किया। केंद्र का उद्घाटन अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति और मध्य अंडमान वन प्रभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में बुजुर्ग जरावा दमपति अंग चेओ और बेनन द्वारा किया गया। यह नई सुविधा पहले के हॉटस्पॉट केंद्र की जगह लेती है, जिसे व्यापक नुकसान हुआ था। अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति के एक विशेष अनुरोध का जवाब देते हुए, वन विभाग ने यह पहल की, जिसे अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति द्वारा चौदह लाख रुपये के आंबटित किया गया था। यह हॉटस्पॉट केन्द्र जारवा समुदाय के उत्थान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

<><><><><><><>

आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। श्री मोदी ने कहा कि जलशक्ति मंत्रालय और कई अलग–अलग स्वयंसेवी संस्थाएँ इस दिशा में काम कर रही हैं और देश में हज़ारों कृत्रिम तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज और सामुदायिक सोकपिट का निर्माण हो रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मकक कार्य करने की सलाह दी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहयोग से, कल से 10 अप्रैल, तक श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में दस दिवसीय 'अंडमान निकोबार पुस्तक मेला' का आयोजन करेगा। उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी, कल सुबह दस बजे प्रदर्शनी मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में इस पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार, और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली के निदेशक, युवराज मलिक भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य द्वीपों के छात्रों और युवाओं में पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना और साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह पुस्तक मेला न केवल सभी आयु वर्ग के पाठकों को लाभान्वित करेगा, बल्कि प्रकाशन गृहों और लेखकों के लिए इन द्वीपों की जनता से जुड़ने का एक अवसर भी प्रदान करेगा। यह पुस्तक मेला 10 अप्रैल

तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। पुस्तक मेले में 31 स्टॉल होंगे, जिनमें भारत के विभिन्न प्रकाशकों की विभिन्न विधाओं और लेखकों की लगभग तीस हजार पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। यह लोगों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकों को ब्राउज़ करने और उन्हें सीधे प्रकाशकों से खरीदने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रतिदिन दस बजे से कार्यक्रम स्थल पर छात्रों के लिए कई रोचक शिक्षण गतिविधियों में का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, दस दिवसीय पुस्तक मेले के दौरान स्वादिष्ट व्यंजन पेश करने वाले फूड स्टॉल भी एक अतिरिक्त आकर्षण होंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से बम्बूफ्लाट जेट्टी पर "चेकमेट ऑन स्ट्रीट्स" शतरंज के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन  बम्बूफ्लाट ग्राम पंचायत प्रधान के. बाला कृष्ण, प्रधान ने किया। इस अवसर पर बम्बूफ्लाट जेट्टी पर इस खेल को देखने के लिए लोग एकत्र हुए। इस आयोजन ने शतरंज प्रेमियों के बीच सौहार्द को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया और साथ ही इस खेल की क्षमता को उजागर किया जो विभिन्न पीढ़ियों के लोगों को एक साथ लाता है।  "चेकमेट ऑन स्ट्रीट्स" का अगला संस्करण पांच अप्रैल को छोलदारी जंक्शन पर होगा।

<><><><><><><>